Bharat Temples

अपने भगत से कितना तू प्यार करता है

अपने भगत से कितना तू प्यार करता है,
रहता है खाटू में पर ध्यान रखता है,
अपने भगत से कितना तू प्यार करता है,

जब भी पुकारू मैं वो दौड़ कर आये,
चांदी का शृंगासन वो छोड़ कर आये,
अपने भगत पर कितना उपकार करता है,
रहता है खाटू में पर ध्यान रखता है,

करता है रखवाली दिन रात भगतो की,
सुनता हमेशा तू हर बात भगतो की,
मजधार में हो नैया तू पार करता है,
रहता है खाटू में पर ध्यान रखता है,

हम मांग ते रहते तू भेजता रहता,
भगतो की हालत तो तू देख ता रहता,
भगतो की झोली खाली हार बार भरता है,
रहता है खाटू में पर ध्यान रखता है,

कर्जा तुम्हारा श्याम कैसे उतारे गे,
वनवारी सेवा में जीवन में गुजारे गे,

पूजा तेरी करने से जीवन सवर ता है,
रहता है खाटू में पर ध्यान रखता है,

Source: https://www.bharattemples.com/apne-bhgt-se-kitna-tu-pyaar-karta-hai/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw